संसारी समस्याहारी: शृंखला
सीज़न 1: एकता की ताकत

टीचर्स गाइड

gpstheseries.com

लक्ष्य

संसारी समस्याहारी एनीमेशन शृंखला मध्य से उच्च स्कूल के छात्रों को सामरिक, सामाजिक नवीनता से परिचित कराने के लिये बनाई गयी है। इसमें विशेष ध्यान उस बात पर दिया गया है कि वे कठिन समस्याओं के लिये टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके असरदार और नये समाधान कैसे बना सकें।

लक्ष्य यह है की छात्रों को मूलभूत प्रॉब्लम सॉल्विंग (समस्या हल) के तरीके प्रदान किए जाएँ, ताकि उनका नज़रिया वास्तविक हो पाए। इसका हेतु है की छात्रों में सामाजिक नवीनता के लिये उमंग पैदा हो, और एक नयी नस्ल उभरे जो सामाजिक पहलुओं में व्यवसायी बनें

संसारी समस्याहारी एनीमेशन शृंखला छात्रों को यह बताती है कि एक वैश्विक और विविध युवाओं की सूपर टीम विकासशील समाजों में साफ़, पीने-लायक पानी की बढ़ती हुई कमी का समाधान कैसे करती है। यह शृंखला छात्रों को सामाजिक व्यवसाय के बारे में सोचने के लिये प्रोत्साहित करती है, ना केवल एक प्रेरक आदर्श के रूप में, बल्कि एक प्राप्त करने लायक लक्ष्य के रूप में।

शृंखला के महत्वपूर्ण लक्ष्य निम्नानुसार हैं:

- प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिये एक व्यावसायिक दृष्टिकोण पैदा करना
- नई टेक्नोलॉजी समाधान और टिकाऊ सामाजिक कार्यों का भविष्य में विकास करना
- छात्रों को सामाजिक बदलाव लाने के लिये प्रेरित करना, और
- संसारी समस्याहारी के छह मुख्य पेहलूओं, और सामाजिक व्यवसाय के नौ कदमों से छात्रों को मनोरंजक तरीके से अवगत कराना

मूल विचार

संसारी समस्याहारी के छह पहलू हैं:

1. डिजिटल कौशल
2. रचनात्मकता
3. तर्क वाली सोच
4. सामाजिक जागरूकता
5. व्यावसायिक भावना
6. टीमवर्क की क्षमता

सामाजिक व्यवसाय के नौ कदम हैं:

1. समस्या को स्पष्ट करना
2. एक्सपर्ट्स के साथ काम करना
3. एक समाधान निश्चित करना
4. लोगों, प्रक्रियाओं, डेटा और वस्तुओं को टेक्नोलॉजी से जोड़ना
5. एक व्यापार-योजना को तैयार करना
6. निवेश ढूँढना और इसे समझदारी से खर्च करना
7. टैस्ट से समाधान का सुधार करना
8. डेटा से प्रभाव को मापना
9. लोगों तक बात पहुँचाना

एपिसोड

संसारी समस्याहारी एनीमेशन शृंखला के सीजन 1 में सात एपिसोड हैं। हर एपिसोड में दो से तीन मिनट का वीडियो और उसपर चर्चा है, जिससे एपिसोड में दर्शाए गए सामाजिक व्यवसाय के मुख्य पेहलूओं पर ध्यान दिया जा सके। बीस से चालीस मिनट की इस चर्चा में आलेख, कहानी, और वर्कशीट की मदद ली जा सकती है। हर एपिसोड को दिखाने के बीच अधिक समय नहीं बीतना चाहिए। सातों एपिसोडों की कक्षा योजना के लिये एक महीने से ज़्यादा बिताना उचित नहीं है, क्योंकि इससे कहानी के प्रवाह पर असर पड़ सकता है।

हर एपिसोड नवीन प्रॉब्लम सॉल्विंग के खास पहलुओं पर ध्यान रखते हुए, सामाजिक व्यवसाय के निम्नलिखित पड़ाव सिखाता है:

- **एपिसोड 1.1: संसारी समस्याहारी** - संसारी समस्याहारी की छह विशेषताओं का वर्णन
- **एपिसोड 1.2: चुनौती** - समस्या का स्पष्टीकरण और एक्सपर्ट्स से सलाह
- **एपिसोड 1.3: समाधान** - समाधान तैयार करना और उसे टेक्नोलॉजी से एकीकृत करना
- **एपिसोड 1.4: टेक्नोलॉजी** - टेक्नोलॉजी एकीकृत करना और पहला टैस्ट करना जिससे एक उचित व्यापार योजना की ज़रूरत साफ़ दिखे
- **एपिसोड 1.5: व्यापार-योजना** - व्यापार योजना तैयार करना और निवेश ढूँढना
- **एपिसोड 1.6: परीक्षण और सुधार** - समाधान का टैस्ट करना और उसे सुधारना
- **एपिसोड 1.7: सामाजिक व्यवसाय का जन्म** - डेटा से प्रभाव को नापना, लोगों तक बात पहुँचाना और नए समाधानों की खोज जारी रखना

शिक्षा शास्त्र

संसारी समस्याहारी एनीमेशन शृंखला एक विवेचनात्मक तरीके का उपयोग करती है। किरदारों और उनके बीच चर्चा से असरदार सामाजिक नवीनता को दिखाया जाता है।

- **हर एपिसोड की चर्चा** छात्रों को सबसे महत्त्वपूर्ण पेहलूओं को पहचानने के लिये प्रेरित करती है। इस के सिवाय, यह चर्चा छात्रों को सामाजिक नवीनता के मौके खोजने के लिये प्रोत्साहित करती है, और उन्हें अपने खुद के और निकट के सामाजिक क्षेत्रों में उपयोग करने का अवसर देती है।
- **लंबी अवधि की परियोजना** छात्रों को अपने खुद के "संसारी समस्याहारी" साहसिक कार्य के बारे में लिखने, और उनका निर्माण करने में मदद करती है। यह एपिसोड 1.1 में शुरू होती है और सीजन के दौरान पूरी शृंखला में विकसित होती है।
- **वर्कशीट** छात्रों को प्रत्येक एपिसोड के विषयों को आगे सीखने का मौका देती हैं।

सामग्री

वीडियो के अलावा, इस टीचर्स गाइड की कक्षा गतिविधि निम्नलिखित सामग्रियों का उपयोग करती है:

- कहानी चित्र (स्टोरीबोर्ड)
- आलेख (स्क्रिप्ट्स)
- वर्कशीट

अतिरिक्त संसाधन

निम्नलिखित हैं कुछ उपयोगी संदर्भ जो सामाजिक नवीनता और व्यवसाय का सामान्य परिचय प्रदान करते हैं:

- Banks, Ken, ed. *Social Entrepreneurship and Innovation: International Case Studies and Practice*. London: Kogan Page, 2016.
- Bornstein, David. *How to Change the World: Social Entrepreneurs and the Power of New Ideas*. Oxford, UK: Oxford University Press, 2007.
- Ironbound Films. *The New Recruits*. New York: PBS Video, 2010.
- *Launching the Next Generation of Global Problem Solvers*. https://csr.cisco.com/gps/
- Martin, Roger L. and Sally Osberg. *Getting Beyond Better: How Social Entrepreneurship Works*. Cambridge: Harvard Business Review Press, 2015.
- Schulz, Ron, ed. *Creating Good Work: The World's Leading Social Entrepreneurs Show How to Build A Healthy Economy*. Basingstoke, UK: Palgrave Macmillan, 2013.
- Yunus, Muhammad. *Building Social Business: The New Kind of Capitalism That Serves Humanity's Most Pressing Needs*. New York: PublicAffairs, 2010.

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.1: टीम

यह एपिसोड संसारी समस्याहारी सूपर टीम के छह सदस्यों को पेश करता है। प्रत्येक सदस्य सामाजिक समस्याओं के नवीन समाधान बनाने के लिये ज़रूरी छह विशेषताओं में से एक का उदाहरण देता है। माया, जिनकी विशेषता है टीमवर्क, युवाओं को एक साथ एयरशिप पर बुलाती है, यह देखने के लिये कि उनके कौशलों का संयोजन दुनिया की समस्याओं को हल कर सकता है या नहीं।

संसारी समस्याहारी सूपर टीम, उनके देश, और उनके गुण निम्नलिखित हैं:

1. बेला, जॉर्डन, डिजिटल कौशल
2. एड्रियन, फ्रांस, रचनात्मकता
3. सातोशी, जापान, तर्क वाली सोच
4. केलील, मलावी, सामाजिक जागरूकता
5. क्रिस्टीना, ब्राज़ील, व्यावसायिक भावना
6. माया, भारत, टीमवर्क की क्षमता

लक्ष्य

शृंखला के व्यापक ढांचे के भीतर, सीजन 1, एपिसोड 1.1 एक नाटक की झलकी की तरह है। बाकी एपिसोड में इसके मूलभाव दिखाई देते हैं। टेक्नोलॉजी और सामाजिक व्यवसाय दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकती है - इस बात पर अपने छात्रों से चर्चा करें, ताकि वे बाद के एपिसोड के सबक को बेहतर समझ पाएँ।

इस एपिसोड में आप अपने छात्रों की, एक संसारी समस्याहारी बनने के लिये ज़रूरी मौलिक गुणों की पहचान करने में, और यह सोचने में, कि वे अपने समुदायों की सहायता के लिये उन्हीं विशेषताओं को कैसे विकसित कर सकते हैं, मदद करेंगे। सबसे महत्त्वपूर्ण सबक यह है कि डिजिटल कौशल, रचनात्मकता, तर्क वाली सोच, सामाजिक जागरूकता, व्यावसायिक भावना, और टीमवर्क की क्षमता, बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिये आवश्यक उपकरण हैं।

कक्षा चर्चा: परिचय

वीडियो शुरू करने से पहले, उपयोगी होगा, कि आप बातचीत को ऐसे तरीके से तैयार करें, जिससे आपके छात्र सामाजिक नवाचार में शामिल होने के लिये उत्तेजित हों। शायद आप उन तरीकों का उदाहरण दे सकते हैं, जिन में आपके छात्र स्वयं अपने आप को समाधान कर्ता के रूप में देख पायें। इसके लिये, निम्नलिखित पंक्तियों के साथ आप कक्षा में चर्चा को शुरू कर सकते हैं:

"अगले कुछ दिनों के लिये हम समस्याओं को सुलझाने, और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के बारे में बात करने जा रहे हैं। हम देखेंगे एक वीडियो की शृंखला जो हमें दिखाएगी एक युवाओं की "सूपरहीरो" टीम - संसारी समस्याहारी - जो लोगों की सहायता करने के लिये अपनी शक्तियों का उपयोग करती है। पहला एपिसोड देखने से पहले, मैं आपसे एक सवाल पूछना चाहता/ चाहती हूं: यदि आप दुनिया में किसी भी महाशक्ति को हासिल कर सकते, तो वह क्या होगी?"

इस चर्चा में खुले दिल से बातचीत होनी चाहिए। काफ़ी सारी असंभव संभावनाओं का ज़िक्र किया जाएगा। यह छात्रों की रचनात्मकता को बहने देने का मौका है, क्योंकि वे खुद को शानदार कार्य करते हुए और गहरा प्रभाव हासिल करते हुए देखेंगे।

जब यह वार्तालाप अपने आप ही एक संक्रमणकालीन क्षण तक पहुँच जाए, आप वीडियो को निम्नानुसार तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं:

"यह सभी अद्भुत विचार हैं, लेकिन शायद आपको अब तक अहसास नहीं हुआ है, कि आप सभी असल में दुनिया बेहतर बनाने लायक कौशलों को विकसित कर सकते हैं। संसारी समस्याहारी शृंखला के सीजन 1 में देखने की कोशिश करें, कि आप भी संसारी समस्याहारी कैसे बन सकते हैं। दुनिया की समस्याओं का समाधान करने के लिये कौन से गुणों की ज़रूरत होगी?"

कक्षा चर्चा: वीडियो

छात्रों को वीडियो दिखाने के बाद, उनका प्रॉब्लम सॉल्विंग के तरीकों की चर्चा में नेतृत्व करें। वीडियो में विशेष रूप से तीन अंक शामिल हैं जिन्हें निम्न प्रश्नों के साथ संबोधित किया जा सकता है:

- टीम की नायिका, माया, सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के लिये युवाओं को एक साथ इकट्ठा करती है। टीम के सदस्य किस प्रकार की समस्याओं का हल कर रहे होते हैं, जब माया उनसे मिलती है?

वीडियो छह अलग अलग समस्याओं को प्रस्तुत करता है, जिन में से प्रत्येक को दुनिया भर की बड़ी कठिनाइयों से सामान्यीकृत किया जा सकता है, जैसे कि इंटरनेट संयोजन, परिवहन, भोजन वितरण, व्यावसायिक स्थिरता और पर्यावरण की सुरक्षा।

- इन समस्याओं का समाधान करने के लिये हीरो युवाओं ने क्या-क्या किया?

यह चर्चा विभिन्न मुख्य विषयों पर ध्यान देती है, जैसे कि टेक्नोलॉजी और नयी सोच। वीडियो में इस्तेमाल किये गए हर समाधान से नये प्रश्न उभर सकते हैं, कि ऐसी टेक्नोलॉजी और ऐसे विचार कैसे सहायक हो सकते हैं। एक उदाहरण - इंटरनेट का उपयोग, वीडियो गेम, और वीडियो ड्रोन उत्तम सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा कैसे दे सकते हैं?

- प्रत्येक युवा किस महाशक्ति को हासिल करता है?

यह प्रश्न प्रभावी सामाजिक व्यवसायियों के छह गुणों को प्रस्तुत करने का मौका है। इनका अधिक विवरण में संक्षेप निम्नानुसार किया जा सकता है:

  - **बेला, डिजिटल कौशल** - ना सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना, बल्कि उसे स्वीकार करना। जो लोग डेटा का विश्लेषण, नेटवर्क का निर्माण, ऐप की रचना, या उपकरणों की सुरक्षा कर सकते हैं, वे विचारों को वास्तविकता में बदल सकते हैं।
  - **एड्रियन, रचनात्मकता** - समस्याओं का समाधान करने, और दूसरों के लिये ज़िंदगी को सुधारने के लिये नये तरीकों का निर्माण करना। नयी सोच चुनौतियों का सामना करने के लिये सबसे ज़रूरी होते हैं।
  - **सातोशी, तर्क वाली सोच** - प्रत्येक बाधा का हर तरफ़ से विश्लेषण करना। जो लोग उत्सुक हैं, सवाल पूछते हैं, और विकल्पों का मूल्यांकन करते हैं, वे समस्याओं को सुलझाने के लिये आवश्यक होते हैं।
  - **केलील, सामाजिक जागरूकता** - जागरूकता से "विश्व को बदलने" की आवश्यकता दिखाना, और साबित करना कि हर कोई बदलाव लाने में मदद कर सकता है। जिन लोगों में सेवा की भावना है, वे दूसरों को प्रेरित करते हैं और बदलाव की चिंगारी बनते हैं।
  - **क्रिस्टीना, व्यावसायिक भावना** - चुनौती या समस्या को एक मौके के रूप में देखना। जो लोग बाज़ी लगाने में और दूसरों का नेतृत्व करने में मज़ा लेते हैं, वे विचारों को कार्यवाही में बदल सकते हैं।
  - **माया, टीमवर्क की क्षमता** - अच्छी तरह से संचार करना और दूसरों का सम्मान करना। बेहतरीन समाधान-कर्ताओं को पता है कि अकेले काम करने की बजाय, एक साथ काम करने में अधिक ताकत होती है।

- यह दिखाने के लिये कि हर व्यक्ति के पास प्रभाव हासिल करने की क्षमता है, छात्रों से एक व्यक्तिगत प्रश्न पूछें: क्या कभी उन्होंने एक प्रभावी सामाजिक व्यवसायी के कोई विशेष गुण प्रदर्शित किए हैं? कैसे? क्या शायद वे ऐसे किसी व्यक्ति को जानते हैं?

यह एपिसोड कुछ मज़ेदार सामूहिक गतिविधियों के लिये अच्छे मौके देता है। कक्षा को अलग अलग संसारी समस्याहारी टीमों में विभाजित करें। प्रत्येक टीम का लक्ष्य है कि वे एक (संसारी या सामाजिक) समस्या को चुनें, जिसका अभी तक कोई हल ना हो। एक समाधान ढूँढने का वर्णन करें, और इसके दौरान टीम के प्रत्येक सदस्य के विशेष कौशल या विशेषता की पहचान करें।

लंबी अवधि की परियोजना: संसारी समस्याहारी प्रशंसक कल्पना

संसारी समस्याहारी शृंखला का आदर्श परिणाम होगा छात्रों को सामाजिक समस्याओं के हल में शामिल करना। इसके लिये, परियोजना छात्रों के लिये एक माध्यम प्रदान करती है जिससे वे अपनी कहानी लिखते हुए, सामाजिक

समस्याओं का हल खोज सकें। कहानी के किरदार या तो संसारी समस्याहारियों की टीम हो सकती है, या छात्र खुद किरदारों का निर्माण कर सकते हैं।

पहला कदम: कहानी बताने का तरीका सीखना। एपिसोड देखने और उसपर चर्चा करने के बाद, छात्रों को एपिसोड के आलेख और कहानी चित्र की कॉपियाँ दें। समझाएँ कि ऐसी सामग्री छात्रों को सिखाती है कि ना केवल एनीमेशन, बल्कि फिल्में, टीवी प्रोग्राम और वीडियो गेम भी कैसे बनाये जाते हैं।

इस बारे में बात करें कि संसारी समस्याहारी के पहले एपिसोड ने टीम के प्रत्येक सदस्य को किसी ना किसी कार्य में व्यस्त दिखाते हुए, उनका परिचय कराया था। प्रत्येक किरदार किसी वास्तविक समस्या समाधान की विशेषता को दिखाने के लिये कुछ कर रहा था।

छात्रों को, आलेख या कहानी पत्र के माध्यम से, अपनी कहानियों के किरदारों की रचना करने के लिये प्रेरित करें। छात्रों को केवल एक अध्याय लिखने को बोलें, जिसमें वे अपने किरदारों का परिचय कराएं, और दिखाएं कि वे एक टीम कैसे बनाते हैं। छात्र अपने किरदारों के विशेष गुण कैसे दिखा पाएँगे? उनके संसारी समस्याहारी किस प्रकार की मुश्किलों का समाधान करने की कोशिश करेंगे?

प्रिंट करने के लिये तैयार कहानी चित्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं। यहां शुरू करें:
https://www.printablepaper.net/category/storyboard

अतिरिक्त संसाधन:

संसारी समस्याहारियों की ज़रूरत:

- Ironbound Films. "Be A Global Problem Solver in the Digital Revolution." *YouTube*, 2016. https://youtu.be/X1dx06l6T9k
- Yoo, Tae. "Wanted: A Generation of Global Problem Solvers." *World Economic Forum*, 2016. https://www.weforum.org/agenda/2016/01/how-will-we-empower-a-generation-of-global-problem-solvers/

कार्य में व्यस्त सामाजिक व्यवसायी युवक:

- Africa: Youth Employment - https://alueducation.com/5-young-social-entrepreneurs-addressing-youth-employment-in-africa/
- France: Handisco - http://handisco.com. "Impact Story: Social Innovation in France, A Smart Stick Puts the Internet of Everything in Service to the Blind." http://csr.cisco.com/casestudy/social-innovation-in-france
- India: UnLtd India - http://www.unltdindia.org
- Japan: Akira Foundation - http://www.akira-foundation.org/
- Jordan: Digital Opportunity Trust - https://jordan.dotrust.org
- USA: Ashoka Youth Venture - https://www.youthventure.org
- Volunteer for Social Change, DoSomething.org: https://www.dosomething.org/

संसारी समस्याहारी: शृंखला

एपिसोड 1.1: टीम

वर्कशीट

1. जोड़ा लगाना!

संसारी समस्याहारी टीम दुनिया को बेहतर बनाने के लिये अपने विशेष कौशलों का उपयोग करती है। संसारी समस्याहारियों की कौनसी विशेषताएं टीम के प्रत्येक सदस्य का सबसे अच्छा वर्णन करती हैं?

बेला	सामाजिक जागरूकता
एड्रियन	डिजिटल कौशल
सातोशी	व्यावसायिक भावना
केलील	रचनात्मकता
क्रिस्टीना	टीमवर्क की क्षमता
माया	तर्क वाली सोच

2. आपके पास कौनसा विशेष कौशल है जो वैश्विक समस्याओं का हल करने में मदद कर सकता है? आप अपने सहपाठियों में ऐसी कौनसी विशेषताएँ देखते हैं?

3. आपने, या आपके किसी जान पहचान वाले ने, ऐसा कौनसा कार्य किया है जिससे दुनिया (या आपका अपना ही समाज) एक बेहतर जगह बन पाए?

4. आपका संसारी समस्याहारी हीरो कौन है?

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.2: चुनौती

एपिसोड 1.2 टीम - और छात्रों - के लिये एक चुनौती प्रस्तुत करती है ताकि वे उसका हल ढूढ़ें, उसको समझें, और उसको स्पष्ट करें। यह समस्या है संसारी समस्याहारी टीम सदस्य केलील के गाँव के कुओं को पर्याप्त रख रखाव नहीं मिल रहा है। मलावी में, टीम टूटे हुए कुओं के कारण, समस्या का नेतृत्व करने वाली स्थितियों, और लोकल समाज पर होने वाले प्रभाव के बारे में पता लगाती है। समस्याओं को व्यवस्था विस्तृत कारणों और प्रभावों की नज़र से देखने का निर्देश देकर, यह एपिसोड छात्रों को यह बतलाता है की व्यावसायिकया की सबसे ज़रूरी विशेषता है जुगाड़ से परे जाकर, पक्के और टिकाऊ समाधानों की पहचान करने का निश्चय।

इस एपिसोड में टीमवर्क के मूल्य पर प्रकाश डाला गया है। कहानी में, संसारी समस्याहारी मलावी जाकर अपने टीम सदस्य से सीखते हैं कि कुएं के कारण उसके गांव और परिवार पर कैसा असर पड़ रहा है। संसारी समस्याहारी समस्या को स्पष्ट करने के लिये जानकारी इकट्ठा करते हैं। टीम मलावी के टेक्नीशियनों, एक्सपर्ट्स और किसानों से बातचीत करके, कुएं प्रणाली की प्रमुख खामियों और पानी दूषित होने के कारणों के बारे में पता लगाती है। सामाजिक समस्या का संपूर्ण दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिये उनका मिलकर काम करना ज़रूरी है।

लक्ष्य

एपिसोड 1.2 के लक्ष्य निम्नलिखित है:

- छात्रों को कई स्तरों पर समस्याओं को स्पष्ट करना सिखाएं। उदाहरण के लिये, वर्तमान समस्या, और इसके से प्रकट होने वाली बड़ी समस्या।
- छात्रों को सामाजिक समस्याओं के व्यवस्था विस्तृत प्रभाव देखना सिखाएं।
- छात्रों को जानकारी एकत्र करने, और खासकर एक्सपर्ट्स और समस्या से परिचित व्यक्तियों की राय लेने के माध्यम से समस्याओं का सामना करने के लिये प्रोत्साहित करें।

कक्षा चर्चा: परिचय

छात्रों को समस्य हल के बारे में सोचने के लिये, उनसे कहें कि वे ऐसी समस्याओं की पहचान करें जिनको समाधान की आवश्यकता हो। मुमकिन है कि वे उच्च स्तर की समस्याओं (गरीबी, प्रदूषण, अपराध) से शुरू करेंगे, और अपने प्रत्यक्ष अनुभव से दूर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। स्पष्ट करें कि आगामी एपिसोड न केवल टीम को हल करने के लिये एक समस्या प्रदान करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि किसी के स्वयं के समुदाय में सामाजिक समस्याएं कैसे उत्पन्न हो सकती हैं।

कक्षा चर्चा: वीडियो

वीडियो के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न छात्रों को समस्या हल करने के लिये एक रचनात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करा सकते हैं:

- संसारी समस्याहारियों को कौनसी समस्या का हल ढूँढना है?
- क्या यह केवल एक यांत्रिक समस्या है? टूटे कुएं के कारण पूरे गांव पर किस प्रकार का असर पड़ा? बच्चों के लिये किस प्रकार की कठिनाइयां पैदा हुईं?
- इस समस्या के स्रोत की खोज में इतना लंबा समय क्यों लग गया?
- संसारी समस्याहारियों ने हालातों का पता कैसे लगाया?
- क्या यह समस्या मलावी के एक ही समुदाय तक सीमित है?

वीडियो कुछ ऐसे क्षण प्रदान करता है जो केवल एक टूटे यंत्र की वर्तमान समस्या से परे पेहलूओं को भी इंगित करता है। उदाहरण के लिये, समस्याओं को पहचानने और उनका हल करने के लिये सिर्फ़ एक टेक्नीशियन पर निर्भरता एक प्रमुख समस्या है; असुरक्षित पानी से बीमारियाँ पैदा होती हैं, और पानी इकट्ठा करते करते, बच्चे पाठशाला से अनुपस्थित रहते हैं।

समस्या के पूरे विस्तार को पहचानने के लिये, टीम जानकारी एकत्र करने में व्यस्त हो जाती है। युवक यह घमंड नहीं करते कि वे सब कुछ अपने आप ही, या केवल केलील से ही जानते होंगे। जानकारी एकत्र करने और टीम का निर्माण करने के तरीके, ग्यान खोजने और नये संबंध बनाने के अलग अलग माध्यमों की खोज, व विभिन्न प्रकार के लोग जो समस्या का हल करने के लिये उपयोगी हो सकते हैं - यह सब चर्चा के मुद्दे बन सकते हैं।

वीडियो की चर्चा से आप बातचीत को सामाजिक समस्याओं की ओर मोड़ सकते हैं। छात्रों को सामाजिक समस्याओं के बारे में गंभीरता से सोचने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए: टूटे कुएं को एक सरल समाधान से संबोधित किया जा सकता है, लेकिन कभी कभी एक समस्या सुलझाने से समस्या का वास्तव में हल नहीं हो पाता। संभव है कि बार बार टूटता हुआ कुआं एक प्रणाली व्यापी समस्या का लक्षण हो। इसको सुलझाने के लिये सिर्फ़ एक हिस्से की मरम्मत करने की बजाय, ज़्यादा पक्के और टिकाऊ समाधान की आवश्यकता होगी।

इस क्षण से छात्र, काल्पनिक टूटे कुओं से, अपने समाज की समस्याओं को पहचान पाएँगे। टीम के एक सदस्य के गांव में समस्या पर ध्यान डालकर, एपिसोड यह दर्शाता है कि वैश्विक सामाजिक समस्याएं किसी के भी देश में उभर सकती हैं। दैनिक जीवन में यह घर घर की कहानी के पहलू बन पड़ते हैं।

चर्चा को बढ़ावा देने के लिये कुछ प्रश्न हैं:

- छात्रों को अपने ही समुदायों या देशों में कौनसी सामाजिक समस्याएं दिखती हैं?
- ऐसी कौनसी समस्याएं हैं, जिनके अंदर ही अंदर, छात्र अन्य बड़ी समस्याओं को पहचान पाते हैं?

- क्या कोई समस्याएं छिपी हुई हो सकती है - ऐसी बातें जो लोगों को सामान्य रूप में पेश आएं, लेकिन वास्तव में सुधारी जा सकें?
- छात्र उपयोगी जानकारी ढूँढने के क्या क्या तरीके सोच सकते हैं?

उन समस्याओं के बारे में छात्रों से पूछें जो उनकी हर दिन की टेक्नोलॉजी और यंत्र के उपयोग से जुड़ी हुई हों। उदाहरण के लिये - हालांकि आजकल हम गाड़ियों को प्रदूषक के रूप में देखते हैं, जब वे पहली बार हाज़िर हुई थीं, तब लोगों को उनमें घोड़ा गाड़ी गंदगी समस्या का हल दिखता था। वास्तव में, गाड़ी के पहले विज्ञापन उन्हें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये ज़रूरी बतलाते थे। फ़ोन, कंप्यूटर, इंटरनेट, पहनने के लिये तैयार कपड़े - छात्र हर रोज़ ऐसे टेक्नोलॉजी और यंत्र देख पाते हैं जो कि एक समय पर किसी सामाजिक समस्या के लिये नवीन समाधान रहे थे। ऐसी दुनिया देखकर, जिसको सुधारा गया हो, छात्र इसे बेहतर बनाने के लिये नई संभावनाएं खोज सकते हैं।

लंबी अवधि की परियोजना: प्रसंग को उकसाना

कहानी बताने के दृष्टिकोण से, पहले एपिसोड ने किरदारों को प्रस्तुत किया। दूसरा एपिसोड प्रसंग को उकसाता है: यह उस अवसर को प्रस्तुत करता है जो कहानी को आगे बढ़ाए। संसारी समस्याहारी के मामले में, यह प्रसंग है एक टूटा हुआ पंप, जो आगे जाकर एक और भी व्यापक समस्या को इंगित करेगा, और जिसका हल किरदारों को ढूँढना पड़ेगा।

यह छात्रों के लिये उचित समय है यह सोचने के लिये, कि उनकी संसारी समस्याहारी कहानियों में उकसाने लायक प्रसंग क्या होगा। कौनसा अवसर उनके किरदारों को एक वैश्विक समस्या को ढूँढ निकालने, और उनको ज़्यादा जानकारी प्राप्त करने का रास्ता दिखाएगा? छात्रों को अपने आलेख या कहानी चित्र के दूसरे अध्याय की रचना करने को बोलें।

चरित्र विकास, प्रसंग को उकसाना, और कहानी के अन्य तत्वों को विकसित करना - इन कौशलों में निपुणता प्राप्त करना, सामाजिक व्यवसायियों के लिये महत्त्वपूर्ण है। कहानी को मनोरंजक तरीके से सुनाना बहुत प्रभावकारी हो सकता है, किसी निवेशक को व्यवसाय में, या किसी ग्राहक को उत्पाद में विश्वास दिलाने के लिये।

कहानी बताने और प्रसंग को उकसाने पर कुछ पृष्ठभूमि सामग्री है:

- "Essential Elements of Plot – The Inciting Incident." *Where Teens Write*. https://www.whereteenswrite.com/writers-resources/the-inciting-incident-in-plot/
- Geneske, Jay and Doug Hattaway. "Digital Storytelling for Social Impact." *Stanford Social Innovation Review* June 2, 2014. https://ssir.org/articles/entry/digital_storytelling_for_social_impact
- McKee, Robert. "What Are the Rules for the Inciting Incident?" *Write the Truth*. http://mckeestory.com/what-are-the-rules-for-the-inciting-incident/

अतिरिक्त संसाधन:

पीने लायक पानी:

- “CSR Partner: Water For People, Harnessing Technology to Deliver Safe, Clean Water.” http://csr.cisco.com/casestudy/water-for-people
- “See Where Access to Clean Water Is Getting Better—and Worse.” *National Geographic* March 1, 2016. http://www.nationalgeographic.com/clean-water-access-around-the-world/#select/TOT/total
- Onishi, Norimitsu. “Poverty, Drought and Felled Trees Imperil Malawi’s Water Supply.” *The New York Times* August 20, 2106. https://www.nytimes.com/2016/08/21/world/africa/poverty-drought-malawi-water-supply.html
- United Nations. *Water for Women.* (Note especially one-page infographic “The Ripple Effect,” which can be a useful handout for class discussion on impact of water access on women and girls). 2015. http://www.unwater.org/fileadmin/user_upload/worldwaterday2015/docs/Water%20For%20Women.pdf
- Within. “The Source.” 2015. http://with.in/watch/the-source/

संसारी समस्याएं और समस्या समाधान:

- Global Issues - http://www.globalissues.org
- TED - https://www.ted.com/topics/global+issues
- United Nations – http://www.un.org/en/sections/issues-depth/global-issues-overview/
- World Economic Forum - https://www.weforum.org/agenda/2016/01/what-are-the-10-biggest-global-challenges/

प्रॉब्लम सॉल्विंग की कहानी को और भी मनोरंजक तरीके से सुनाने के लिये किसी अतिथि वक्ता को बुलाना एक अच्छा आईडिया है। उदाहरण के लिये, आप अपने समुदाय में किसी से पूछ सकते हैं कि वे छात्रों के साथ बातचीत करें - कैसे उन्होंने अपने व्यवसाय, लाभ निरपेक्ष संस्था या सरकारी काम के माध्यम से किसी सामाजिक समस्या की पहचान की, और उसका समाधान करने की कोशिश की। इस एपिसोड के लिये, एक ऐसी कहानी जिसमें कोई दूसरों की मदद माँगे या अन्वेषण करे, विशेष रूप से उपयुक्त हो सकती है।

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.2: चुनौती
वर्कशीट

1. संसारी समस्याहारी गांव के टूटे हुए कुओं का समाधान ढूँढने के लिये मिलकर काम करते हैं। ऐसी कौनसी सफ़लता है, जो आपने मित्रों या परिवार के साथ काम करके हासिल की हो? इस समस्या का अकेला समाधान करने की बजाय, साथ मिलकर काम करना बेहतर क्यों रहा?

2. संसारी समस्याहारी का एक ज़रूरी उपकरण है, रचनात्मकता। वे समाधान करने के ऐसे तरीके ढूँढ निकालते हैं जिनको पहले कभी इस्तेमाल ना किया गया हो। समस्या को सुलझाने के लिये अपने विशेष रचनात्मक कौशल का वर्णन करें। उदाहरण के लिये, क्या आप चीज़ों का निर्माण कर सकते हैं? क्या आप अच्छे चित्रकार या लेखक हैं?

3. गांव की लड़कियों को कुओं से पानी इकट्ठा करने का काम सौंपा गया था, और इस कारण वे स्कूल नहीं जा पाईं। यह काफ़ी असामान्य रूप की समस्या लगती है। लेकिन, उदाहरण के लिये, घर में अचानक पानी बंद हो जाना एक काफ़ी आम समस्या है। इस परिस्थिति से पैदा उन समस्याओं का वर्णन करें जो आपके परिवार के किसी सदस्य को उसकी मरम्मत करने के लिये मजबूर करें।

4. गांव के कुओं को बनाए रखने के लिये अपने स्वयं के रचनात्मक समाधान का वर्णन करें। अपनी कल्पना का उपयोग करना ना भूलें!

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.3: समाधान

मलावी में जल की स्थिति की अधिक जानकारी करने के बाद, संसारी समस्याहारी अपने कौशलों और अनुभवों की एक सूची बनाते हैं: एक नया समाधान विकसित करने में, वे क्या योगदान दे सकते हैं? अपनी प्रतिभाओं को साथ जोड़ते हुए, संसारी समस्याहारी सैन्सर का एक नेटवर्क तैयार करते हैं, यह पहचानने के लिये कि कब किसी कुएं को मरम्मत की ज़रूरत हो। इसके बाद वे इस योजना का एक छोटे पैमाने पर टैस्ट करते हैं। लेकिन हर चीज़ प्रत्याशित रूप से काम नहीं करती।

लक्ष्य

एपिसोड 1.3 के लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

- छात्रों को बताएं कि वे दिमागी मंथन से बड़े पैमाने पर सामाजिक समस्याओं का हल कैसे ढूंढ सकते हैं।
- समझाएं कि वैश्विक समस्या को सुलझाने में, छोटे से छोटा मामला भी आगे जाकर बड़ी चुनौती में बदल सकता है। इसे पहले कदम से ही संबोधित किया जाना चाहिए।
- छात्रों को अपने आप से परे देखकर, दूसरों की अंतर्दृष्टि और क्षमताओं का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करें।
- समझाएं कि रचनात्मक सोच और नयी टेक्नोलॉजी गहरी से गहरी समस्याओं पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

कक्षा चर्चा: परिचय

क्या आपके छात्रों ने कभी एक किताब पढ़कर यह सोचा है कि लेखक को ऐसे विचार कहाँ से मिले होंगे? एक काल्पनिक दुनिया बनाने की प्रक्रिया रहस्यमय लग तो सकती है, लेकिन ऐसी दुनिया रचना के कुछ पहलू हैं जो कि हर कोई इस्तेमाल कर सकता है। हम अपने अनुभवों पर ध्यान दे सकते हैं - जो किताबें हमनें पढ़ी हैं, जिन लोगों से हम मिले हैं, हमने जिन उपायों का निर्माण किया है। जो हम सब जानते हैं, जिसकी हम कल्पना करते हैं, और वे सब चीज़ें जिनसे हमारा अब तक सामना ना हुआ हो - हम इन सब पे विचार करते हैं। आखिरकार, हम या तो परिचित चीज़ों के बीच नये संबंध देख पाएँगे, या तो नये संबंध अचानक ही हमारे सामने पेश हो आएँगे।

ऐसी ही प्रक्रिया वैश्विक समस्याओं का हल करने में काम आती है। एक ऐसी दुनिया बनाने के लिये, जिसमें हम जीना चाहें, हमें ना केवल एक समस्या पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि अपने पिछले अनुभवों पर विचार करना चाहिए, और दूसरों के साथ उनकी कार्यकारी सफ़लता के तरीकों पर चर्चा करनी चाहिए। सबसे प्रेरणादायक और उपयोगी समाधान (सबसे अप्रतिरोध्य कल्पना की ही तरह) वास्तविकता में ही आधारित होते हैं।

जो बदलाव छात्र दुनिया में देखना चाहते हैं, उनके उदाहरण लें। लेकिन उन्हें वैश्विक गरीबी या विश्व शांति की बजाय, लोकल समस्याओं के बारे में सोचने को बोलें। स्कूल आते आते रास्ते में ऐसा क्या हुआ जो बेहतर बनाया जा सकता है? छात्रों के पिछले अनुभवों के अनुसार, समस्या का हल क्या हो सकता है?

कक्षा चर्चा: वीडियो

हालांकि आजकल, पहले से कई ज़्यादा, कैमरे हमारी रोज़मर्रा जिंदगी का हिस्सा हैं, अधिकांश लोगों के पास ऐसा कोई वीडियो संग्रह नहीं है जो उन्हें दिखाए कि उन्होंने अपनी पिछली समस्याएं कैसे सुलझाई थीं। लेकिन कोई बात नहीं। हम सबके दिमाग में एक पिक्चर चल रही है, जिसके हीरो खुद हम ही हैं। उस पुराने चित्र को आधुनिक करने के लिये, हम सभी में स्मृति और कल्पना के स्क्रीन होते हैं। जैसे कि सातोशी इस एपिसोड में इंगित करता है, नये समाधान बनाने के लिये अतीत अनुभवों का स्मरण करना, एक वीडियो गेम खेलने के समान है।

संसारी समस्याहारी टीम ने मलावी की जल समस्या का समाधान कैसे सोच निकाला?

- उन्होंने अपने पिछले अनुभवों पर विचार किया, अपने कौशलों और इकट्ठी की गयी जानकारी पर ध्यान डाला। इस माध्यम से उन्होंने मूल्यांकन किया कि उन अनुभवों को वर्तमान स्थिति में आधुनिक कैसे किया जा सकता है।

- उन्होंने "व्यापारियों की तरह" समस्या का सामना करने का फ़ैसला लिया। इसका क्या मतलब है? सबसे पहले, इसका मतलब यह ***नहीं*** है कि उन्होंने सोचा कि वे अमीर कैसे बन पाएँगे। इसकी बजाय, उन्होंने उन मांगों पर ध्यान दिया जिनको वे पूरी करने की कोशिश में लगे थे - इस मामले में, कार्यशील कुओं और एक सुरक्षित, सुलभ जल आपूर्ति की मांग।

- जिन लोगों और क्षेत्र की मदद करने की कोशिश में वे लगे थे, उन्होंने उनका आंकलन भी किया।

    - उन्होंने देखा कि टेक्नीशियनों को टूटे कुओं की पहचान करने में मदद की ज़रूरत है।
    - उन्होंने अपेक्षित क्षेत्रों का नक्षा बनाया ("मलावी में 28 ज़िले और 25,000 कुएं हैं")।
    - उन्होंने यह अनुमान लगाया कि सैन्सर नेटवर्क समस्या का एक असरदार तकनीकी समाधान हो सकता है।
    - उन्होंने अपने प्रस्तावित समाधान के कार्यान्वयन से पैदा की गयीं समस्याओं को मान्यता दी।
    - बहुत दूर जाने से पहले, उन्होंने छोटे पैमाने पर अपने प्रस्तावित समाधान का टैस्ट करने का निर्णय लिया।

यह सब आपके छात्रों के लिये एक संबंधित प्रश्न पेश करता है: प्रत्येक संसारी समस्याहारी टीम सदस्य की प्रतिभा समाधान के लिये लाभदायक कैसे हो पाती है? एक स्मरण के लिये, यहां टीम के सदस्य और उनकी विशेष क्षमताएं निम्नलिखित हैं:

- **एड्रियन, रचनात्मकता** - सैन्सर नेटवर्क मलावी के कुओं की समस्याओं का हल करने का एक नया तरीका प्रदान करता है।
- **बेला, डिजिटल कौशल** - सैन्सर नेटवर्क बेला की अन्य प्रतिभाओं का इस्तेमाल करता है, जैसे कि: डेटा विश्लेषण, नेटवर्क का निर्माण, ऐप की रचना, और विचारों को वास्तविकता में बदलने के लिये उपकरणों का निर्माण।
- **क्रिस्टीना, व्यावसायिक भावना** - एक सैन्सर नेटवर्क जैसे नये समाधान के लिये एक आत्मविश्वास से भरी, बाज़ी लगाने लायक भावना की आवश्यकता होती है। इसमें कोई गारंटी नहीं होती, कि हर नया विचार सफ़ल होगा, और एक बढ़िया आईडिया को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।
- **केलील, सामाजिक जागरूकता** - केलील की सोच कि हर कोई दुनिया में बदलाव ला सकता है, व उसकी दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता लोकल समाजों और पूरे देश भर में सैन्सर नेटवर्क के लिये समर्थन हासिल करने के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- **सातोशी, तर्क वाली सोच** - सैन्सर न केवल मलावी की वर्तमान जल वितरण व्यवस्था के महत्त्वपूर्ण विश्लेषण को स्पष्ट करते हैं, बल्कि उनके प्रभावी रूप से कार्यान्वयन और मरम्मत जारी रखने के लिये, उन्हें लगातार विश्लेषण की ज़रूरत है।
- **माया, टीमवर्क की क्षमता** - जैसे कि सैन्सर नेटवर्क मलावी के कुओं को एक दूसरे से, व टेक्नीशियनों से जोड़ता है, वैसे ही माया की टीमवर्क की क्षमता सभी को एक साथ लाकर, कल्पना को वास्तविकता में बदल देती है।

लंबी अवधि की परियोजना: किरदारों का विकास करना

चाहे वे उपन्यास, फ़िल्म या वीडियो गेम बना रहे हों, रचनाकार अक्सर एक कहानी को आगे बढ़ाते हैं, ना केवल पात्रों से परे कहानी क्षणों के माध्यम से, बल्कि यह दिखाके, कि कहानी के किरदार कैसे आगे बढ़ते हैं, क्या क्या सीखते हैं और कैसे बदलते हैं। किरदारों के कार्य उनके चरित्रों को स्पष्ट करते हैं। उनके एक दूसरे के बीच व अपने परिवेश साथ संवाद से रोमांचक संभावनाएं उभर सकती हैं।

किरदार को विकसित करना, और अच्छी कहानी लिखने के अन्य तत्त्व सामाजिक व्यवसायियों के लिये महत्त्वपूर्ण कौशल हैं। कहानी को मनोरंजक तरीके से सुनाना बहुत प्रभावकारी हो सकता है, किसी निवेशक को व्यवसाय में, किसी ग्राहक को उत्पाद में, या किसी समाज को बदलाव में विश्वास दिलाने के लिये। अब आपके छात्र अपने स्वयं के संसारी समस्याहारियों को तैयार करने के लिये एक और कदम उठाएँगे, और यह अनुभाग उन्हें एक मौका प्रदान करेगा, यह देखने के लिये कि उनका प्रस्तावित समाधान स्वयं उनके किरदारों से कैसे उभरेगा।

- कहानियों के सबसे आम संरचनाओं में से एक है: किरदारों को पेश करना, (एपिसोड 1.1 में), प्रसंग को उकसाना (एपिसोड 1.2 में), और फिर, किरदारों की प्रतिक्रियाओं के माध्यम से, किरदारों का खुद विकसित होना (एपिसोड 1.3 में)। दूसरे अनुभाग में, घटना के दौरान, किरदारों की प्रतिक्रियाएं व उनके प्रबंधन करने के प्रयास उनके चरित्रों की गहराइयों पर प्रकाश डालते हैं। इस क्षण में छात्रों को अपने आलेख या कहानी चित्र के तीसरे हिस्से की रचना करनी चाहिए। ध्यान रखें कि किरदारों की प्रतिक्रियाओं से चरित्र स्पष्ट

करने के अलावा, यह हिस्सा हमें कहानी का मार्ग दिखाएगा, कि कहानी आगे कैसे बढ़ेगी। इसके कारण छात्रों को दो कदम आगे सोचने की आवश्यकता होगी।

- एक कहानी का एक महत्वपूर्ण तत्त्व उसका परिवेश है। कभी कभी परिवेश एक किरदार की तरह लग सकता है। जगह व किरदार, परिवेश के कुछ अन्य उदाहरण हैं, और वे कहानी के मार्ग पर लगातार प्रभाव डालते हैं। वैश्विक समस्या हल को समझने के लिये परिवेश को समझना आवश्यक है। छात्रों को अपनी कहानियों के परिवेश में, उकसाने वाले प्रसंग के कारण, क्या बदलाव दिखते हैं - दोनों किरदारों, और दर्शकों की दृष्टिकोण से?

अतिरिक्त संसाधन

- "Collaborative Entrepreneurship: How Social Entrepreneurs Have Learned to Tip the World by Working in Global Teams. *Ashoka*. https://www.ashoka.org/en/story/collaborative-entrepreneurship-how-social-entrepreneurs-have-learned-tip-world-working-global
- Lewis, Georgia. "The Rise and Challenges of Social Entrepreneurship." *Skoll Centre for Social Entrepreneurship,* April 28, 2017. http://skollcentreblog.org/2017/04/28/the-rise-and-challenges-of-social-entrepreneurship/
- Palmer, Doug. "The Engagement Economy: How Gamification Is Reshaping Business." *Deloitte University Press*. https://dupress.deloitte.com/dup-us-en/deloitte-review/issue-11/the-engagement-economy-how-gamification-is-reshaping-businesses.html
- "We Gamify Africa's Learning Needs." *AFROES*. http://afroes.com
- Ziegler, Rafael et al. *Social Entrepreneurship in the Water Sector: Getting Things Done Sustainably*. Cheltenham, UK: Edward Elgar, 2014. http://www.e-elgar.com/shop/social-entrepreneurship-in-the-water-sector

संसारी समस्याहारी: शृंखला

एपिसोड 1.3: समाधान

वर्कशीट

1. इस प्रकरण में, संसारी समस्याहारी एक सैन्सर नेटवर्क का टैस्ट करते हैं। जब किसी कुएं को रख रखाव की ज़रूरत हो, यह सैन्सर लोकल टेक्नीशियनों को सूचित कर देता है। सैन्सर नेटवर्क से, कुओं से संबंधित और कौनसी समस्याओं को सुलझाया जा सकता है?

2. टूटे हुए कुओं के अलावा, और किन समस्याओं का सैन्सर नेटवर्क से समाधान किया जा सकता है?

3. इस एपिसोड में, संसारी समस्याहारी अपने समाधान का टैस्ट करते हैं। किसी समस्या का हल ढूँढने के दौरान समाधान का टैस्ट लेना इतना महत्त्वपूर्ण क्यों है?

4. जिस समुदाय में आप रहते हैं, उससे संबंधित किसी समस्या के बारे में सोचें, जैसे कि प्रदूषण, यातायात, या बाढ़। एक ऐसे समाधान का वर्णन करें जो आपके समाज की समस्या का हल कर सके।

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.4: टेक्नोलॉजी

मलावी के अठाईस जिलों में से एक के कुओं के लिये सैन्सर नेटवर्क का निर्माण करने के लिये संसारी समस्याहारी अपनी विशेष शक्तियों का उपयोग करते हैं। सैन्सर व उसके परिवेश - यहाँ, मलावी झील - एक दूसरे पर बुरा प्रभाव डालते हैं; सबसे पहले, इस समस्या को सुलझाने के लिये, संसारी समस्याहारी अपने विशेष कौशल का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद, टीम लोकल नागरिकों, खासकर के टेक्नीशियन, और नयी टेक्नोलॉजी के बारे में उनकी राय से संबंधित समस्याओं का सामना करती है। टीम इस समस्या का हल करने के लिये एक अप्रत्याशित स्रोत से प्रेरित होती है: मछलियों का एक झुंड।

लक्ष्य

एपिसोड 1.4 छात्रों को निम्नलिखित कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करता है:

- सामाजिक समस्याओं के संभावित टेक्नोलॉजिकल समाधानों को पहचानें।
- चुनौतियों और अवसरों के लिये तैयार रहें।
- टेक्नोलॉजी के मानवीय प्रभाव को पहचानें, विशेष रूप से सामाजिक परिवर्तन के संबंध में।
- टेक्नोलॉजिकल क्षमताओं के साथ लोकल कौशल पर आधारित योजनाओं का विकास करें।

कक्षा चर्चा: परिचय

पिछला एपिसोड एक काफ़ी रोचक परिस्थिति पर समाप्त हुआ था: लोकल लोगों को टूटे हुए कुओं के बारे में सूचित करने के लिये स्थापित किए गए सैन्सर ने अजीब तरीके से काम करना बंद कर दिया था। इस कक्षा को शुरू करने का एक अच्छा तरीका होगा पूछना कि ऐसा क्यों हुआ? सैन्सर का अचानक सिगनल ना भेजने का कारण क्या हो सकता है? काफ़ी संभव है कि छात्र आगामी वीडियो में दिए गए जवाब का अनुमान नहीं लगा पाएँगे, लेकिन कोई बात नहीं। इस अभ्यास का मुख्य लक्ष्य है छात्रों को सामाजिक समस्याओं के टेक्नोलॉजिकल समाधानों के बारे में विश्लेषणात्मक तरीके से सोचने के लिये प्रेरित करना।

कक्षा चर्चा: वीडियो

इस एपिसोड की शुरुआत में नवीनता से समस्या सुलझाने का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू दिखाया गया है: कभी-कभी सबसे सरल समाधान सबसे जटिल भी हो सकता है। इस उदाहरण में, हमें लगता तो है कि झील मलावी में ताज़े पानी की प्रचुरता आस पास के क्षेत्र में पानी की समस्याओं के लिये एक आसान समाधान प्रदान करती है। लेकिन भूगोल, भौतिक विज्ञान, बिजली-संसाधन और खर्चे - यह सब मुश्किल बाधाएं बन पड़ते है। (वर्तमान में, एक

विवादास्पद परियोजना एक नई पाइपलाइन तैयार कर रही है जो झील मलावी से पानी को देश की राजधानी तक प्रदान करेगी। इस परियोजना की लागत 3214 करोड़ रुपये है।)

संसारी समस्याहारियों के सैन्सर के लिये झील ने किस तरह की समस्याएं पैदा की? वैज्ञानिक जवाब यह है कि पानी ने सैन्सर के सिगनल में अवरोध पैदा किये। लेकिन एक और व्यापक दृष्टिकोण से, कहानी यह समझाने की आवश्यकता को दर्शाती है कि टेक्नोलॉजी अकेले काम नहीं करती। टेक्नोलॉजी और उसके परिवेश एक दूसरे को प्रभावित करते हैं - यह समझना असफ़लता को सफ़लता में बदलने के लिये महत्त्वपूर्ण है।

समाज व टेक्नोलॉजी के एक दूसरे से प्रभावित होने से और कौनसी उलझनें पैदा हो सकती हैं?

- प्रॉब्लम सॉल्विंग के मामले में एक मुश्किल का सामना हमेशा करना पड़ता है: कानूनी आवश्यकताएं। कभी-कभी, जैसे कि इस एपिसोड के क्षेत्रीय जल विभाग में, परमिट प्राप्त करना और कागज़ी कार्यवाही को पूरा करना आवश्यक कार्य होते हैं। सही फ़ॉर्म भरने या सही सरकारी अधिकारी को खुश करने में नाकाम रहना बेहतरीन समाधानों को वास्तविकता में बदलने से रोक सकता है।

- इस एपिसोड में एक और समस्या पर प्रकाश डाला गया है: टेक्नोलॉजी के संभावित बुरे प्रभावों की चिंता। यहाँ, लोकल टेक्नीशियन अपनी ट्रेनिंग की माँग को दर्शाते हैं, और अपने डर को व्यक्त करते हैं, कि ऑटोमेटिक टेक्नोलॉजी उनकी नौकरियाँ छीन लेगी।

संसारी समस्याहारी इन चिंताओं को कैसे पराजित करते हैं? यह दर्शाते हुए कि उनका सैन्सर नेटवर्क न केवल मौजूद टेक्नीशियनों का मान करते हुए, उन्हीं को जारी रखेगा, बल्कि पूरे देश में टेक्नीशियनों के लिये नये मौके भी पैदा करेगा। टीम का इस समस्या का हल ढूँढने का तरीका प्रॉब्लम सॉल्विंग के दो महत्त्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाता है:

  - मछलियों का झुंड में काम करना हमें प्रकृति से प्रेरणा लेने का मूल्य दिखाता है, जिसे "बाइयोमिमेसिस" बुलाया जाता है ("प्रकृति की नकल करना" के लिये ग्रीक शब्द से अनुकूलित है)। रोबोटिक्स, दवा, फ़ैशन, उपकरण डिज़ाइन, वाहन, वास्तुकला, और कृत्रिम-अंग से लेकर, सभी प्रकार की इंजीनियरिंग में बाइयोमिमेसिस को इस्तेमाल किया जा रहा है। कभी-कभी, धरती की सबसे बड़ी समस्याओं का जवाब प्रकृति खुद ही प्रदान करती है।

  - केलील का "प्रेरित" क्षण एक मनोरंजक कार्य के दौरान होता है: तैरना। कभी कभी किसी समस्या को सुलझाने का सबसे प्रभावी तरीका है उससे कुछ समय के लिये हट जाना। खेलना, कल्पना करना, पहेली को सुलझाना, संगीत सुनना, सोना - आपके छात्रों को आश्चर्य होगा कि वे हल ना करने के प्रयत्न के दौरान, कितनी सारी असंभव से असंभव कठिनाइयों को सुलझा पाएँगे!

इस एपिसोड में एक महत्त्वपूर्ण वाक्यांश है: "मेरा टेक्नोलॉजी पर इतना ध्यान था, कि मैं भूल ही गया कि उसे मलावी में चलाने के लिए क्या-क्या ज़रूरी है।" यह सहायता प्रयासों के एक ज़रूरी मुद्दे पर प्रकाश डालता है: उद्धारकर्ता की मनोग्रंथि से परे हटना। जिन क्षेत्रों को सहायता की ज़रूरत है, ना तो वे कमज़ोर या पीड़ित हैं, ना

हमको उन्हें "बचाने" की ज़रूरत है। सहायता प्रदान करने में शामिल है ना सिर्फ़ लोगों की संस्कृति, संस्थाओं, पर्यावरण और अन्य अनुभवों को समझना, बल्कि यह देखना कि सकारात्मक बदलाव के लिये लोकल निवासी मूल्यवान संसाधन कैसे बन सकते हैं। यह काफ़ी उन्नत विचार की तरह दिखाई पड़ सकता है, लेकिन आपको आश्चर्य होगा देखकर कि आपके छात्र उन "सहायता" के प्रयासों से कितने परिचित हैं, जिन में वे शामिल तक नहीं। देखें, कि वे अवधारणा से संबंध स्थापित करते हैं या नहीं।

लंबी अवधि की परियोजना: जटिलताएं

स्टीवन मॉफेट, डॉक्टर हू व शरलॉक जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों के लेखक और निर्माता, की एक टिप्पणी: "यदि आप एक प्रतिभावान इंसान के बारे में एक कार्यक्रम बनाने जा रहे हो, तो एक चीज़ याद रखना बहुत ज़रूरी है – एक वाकई प्रतिभावान इंसान निरंतर कुछ ना कुछ सीखता रहता है।" यही बात संसारी समस्याहारी की कहानियों के लिये भी सच है, जिन में वे टेक्नोलॉजी से लोगों की सहायता करते हैं। टेक्नोलॉजी बहुत कम मामलों में, पहले ही कदम से, एक संपूर्ण सामाजिक परिवर्तन प्रदान कर सकती है। यंत्र टूट जाते हैं, मशीनें काम करना छोड़ देतीं है, यातायात सिगनल हरे रंग की बजाय लाल रंग दिखाते हैं। हमेशा सही होने की बजाय, गड़बड़ हो जाने पर हालातों को अनुकूल करना - यही विशेषता सामाजिक व्यवसायी को महान बनाती है।

जब आपके छात्र अपनी संसारी समस्याहारी कहानियां लिख रहे हैं, उन्हें दिलासा दें की उन्हें काल्पनिक गलतियों से डर नहीं लगना चाहिए। इसकी बजाय, उन्हें अन्य मामलों के बारे में सोचने को बोलें, जहाँ तकनीकी समाधान असफ़ल रहें, व हमें उनके किरदारों की प्रतिक्रियाओं को देखने का मौका दें। इससे ना केवल कहानी खुद और मनोरंजक बनेगी, बल्कि आपके छात्र (व उनके किरदार) और भी असरदार समाधान विकसित कर पाएँगे।

कठिनाइयों के कारण उभरती प्रतिक्रियाओं के माध्यम से की वर्णनात्मकता का एक लंबा इतिहास रहा है। प्राचीन यूनानी दार्शनिक अरस्तू पहले व्यक्ति थे जिन्होंने उलझनों को कहानी सुनाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। कठिनाइयों का सामना करते हुए विकसित होने वाला किरदार एक बहुत सरल संरचना है, जिसे हम ऑस्कर जीतने वाली फ़िल्मों व कथा आधारित वीडियो गेम से लेकर काल्पनिक किताबों, लेखों और सामाजिक व्यवसायियों के बारे में फिल्मों में देख पाते हैं।

अतिरिक्त संसाधन

- "Biomimetic Design: 10 Examples of Nature Inspiring Technology." *Science Focus*. Dec 2016. http://www.sciencefocus.com/article/nature/biomimetic-design-how-nature-inspires-modern-technology
- Biomimicry Global Design Challenge. http://challenge.biomimicry.org/en/
- "Essential Elements of Plot: Rising Action and Increasing Complications." *Where Teens Write*. https://www.whereteenswrite.com/writers-resources/plot-rising-action-increasing-complications/

- Foundation, Akvo. *Akvo Flow*. http://akvo.org/products/akvoflow/#overview and https://watermapmonitordev.appspot.com
- Harris, Michael. "The New Science of Daydreaming." *Discover Magazine*, June 2017. http://discovermagazine.com/2017/june/let-your-mind-wander
- Russo, Khanh. "CSR Partner Water for People Quenching Thirst in Malawi." *Corporate Social Responsibility.* Cisco, October 14, 2014. https://blogs.cisco.com/csr/csr-partner-water-for-people-quenching-thirst-in-malawi

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.4: टेक्नोलॉजी
वर्कशीट

1. इस एपिसोड में केलील साथ तैरती हुई मछलियों को देखकर एक समस्या का हल करने के लिये प्रेरित होता है। जानवरों को साथ देखकर हम और किन तरीकों में प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिये प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं?

2. क्या आपको कभी एक मुश्किल समस्या का हल एक ऐसे क्षण में मिला जब आप हल ढूँढने की कोशिश भी नहीं कर रहे थे? कल्पना करते, खेलते, या आराम करते वक्त? अपनी "पल में प्रेरणा" कहानी का वर्णन करें।

3. कभी कभी एक प्रॉब्लम सॉल्विंग के दौरान बहुत सी बाधाएं उभर पड़ती हैं। अपने स्वयं के जीवन में, जब सब कुछ गलत हो रहा होता है, आप समस्या को सुलझाने पर ध्यान कैसे देते हैं?

4. यदि आप अपने स्वयं के समाज में किसी सामाजिक समस्या के टेक्नोलॉजिकल समाधान का प्रस्ताव देते, तो वह क्या होता? इस टेक्नोलॉजी को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये, या इसे और भी बढ़ावा देने के लिये, आपके समुदाय में से अन्य लोग कैसे शामिल हो सकते हैं? हो सकता है कि इस तरह आपकी टेक्नोलॉजी, आपकी उम्मीदों से भी बेहतरीन काम कर पड़े?

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.5: व्यापार योजना

एयरशिप में वापस, संसारी समस्याहारी एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा करते हैं जो उनके व्यवसाय की सफ़लता के लिये आवश्यक है: उनके जाने के बाद उनके समाधान को कौन जारी रखेगा? वे अपने कुएं सैन्सर-नेटवर्क के लिये एक व्यापार-योजना विकसित करते हैं जो अन्य प्रमुख पेहलूओं को संबोधित करती है, जैसे कि वस्तुगत सामग्री व संसाधन, लाभदायिकता, धन, विज्ञापन, सामाजिक प्रभाव, और लोकल संबंध। इस योजना को पूरा करने के लिये, वे मलावी में एक कारखाने तक जाते हैं जो समान सैन्सर टेक्नोलॉजी का निर्माण करता है। वहाँ वे कारखाने के मालिक को सैन्सर का निर्माण करने के लिये राज़ी करते हैं, उन्हें यह समझाकर कि ऐसा निर्माण उनके वर्तमान व्यापार मॉडल में कुशलतापूर्वक बैठेगा।

लक्ष्य

एपिसोड 1.5 के मुख्य लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

- छात्रों को सामाजिक लाभ व अच्छे व्यवसाय को मद्देनज़र रखते हुए वैश्विक समस्याओं को सुलझाने के लिये प्रोत्साहित करें।
- एक प्रयोगात्मक व्यापार योजना के महत्वपूर्ण तत्त्व दिखाएं।
- समझाएं कि सामाजिक व्यवसाय तीन प्रकार के टिकाव - जिन्हें आमतौर पर तिगुणी आधार रेखा बुलाया जाता है, को आगे बढ़ाने का प्रयत्न करता है: सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक।

कक्षा चर्चा: परिचय

सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के लिये प्रभावी तरीकों का निर्माण करना बहुत ही कठिन कार्य है, और हो सकता है कि कभी कभी यह कुछ ज़्यादा ही जटिल लगे। व्याकुल महसूस करना चिंता का कारण बिल्कुल नहीं है, बल्कि एक निशानी है कि आप इस कार्य का सही तरीके से प्रस्ताव कर रहे हैं। यदि आपको सबकुछ बहुत आसान व नियन्त्रणीय लगे, तो हो सकता है कि आप किसी महत्वपूर्ण पहलू को भूल रहे हैं।

इस वीडियो का आरंभ एक अच्छा मौका है, छात्रों को अब तक की कहानी पथ पर ध्यान देने का। इस कहानी में किरदार लगातार सफ़लता नहीं प्राप्त कर पाते हैं, बल्कि वे हमेशा किसी नयी चुनौती का सामना करते रहते हैं, और इनसे आगे बढ़ने के लिये रचनात्मक योजनाओं का विकास करते हैं। आप अपने छात्रों से पूछ सकते हैं कि व्याकुल महसूस करने पर, उस भावना से निपटने के लिये उन्होंने क्या किया है। ऐसी कौनसी समस्या या कठिनाई थी

जिसका सामना करने में उन्हें बेचैनी या बेबसी महसूस हुई? क्या वे इस स्थिति से गुज़रने में सफ़ल रहे? कैसे? उन्होंने क्या क्या किया, और क्यों?

चर्चा का एक और पक्ष हो सकता है आगामी एपिसोड के व्यापारी पहलू पर ध्यान केंद्रित करना। क्या आपके किसी भी छात्र ने कोई व्यवसाय शुरू किया है? क्या वे किसी भी प्रसिद्ध व्यवसायियों के उदाहरण दे सकते हैं? सबसे कामयाब व्यवसायी ऐसे क्या कार्य करते हैं जिनके कारण वे इतनी सफ़लता प्राप्त कर पाते हैं?

कक्षा चर्चा: वीडियो

इस एपिसोड के पहले अनुभाग में, एक यू-ट्यूबर अपने दर्शकों को एक छोटा सा तूफ़ान बनाना सिखाती है। यह प्रत्येक ईमानदार सामाजिक व्यवसायी के दिमाग में लगातार चलते हुए तूफ़ान का एक काल्पनिक चित्रण है।

तूफ़ान से गुज़रना, और सामाजिक समस्याओं का हल करना - इन दोनों के बीच हम कौनसी समानताएं देख सकते हैं? सामाजिक समस्याओं से उभरती कठिनाइयों, और सफ़ल व्यवसाय शुरू करने में शामिल चुनौतियों के बारे में सोचें। आगे सोचिये - एक सामाजिक व्यवसाय, आर्थिक रूप से टिकाऊ रहने के प्रयत्न दौरान, व असंभव सामाजिक समस्याओं के नये समाधान ढूँढते वक्त कौनसी कठिनाइयों का सामना करता होगा? ऐसे व्यवसाय अक्सर गरीबी से पीड़ित क्षेत्रों में काम करते हैं, और आवश्यक वस्तुगत सामग्री व संसाधनों की कमी महसूस करते हैं। सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के लिये साहस और प्रतिबद्धता की ज़रूरत है!

इस एपिसोड में तूफ़ान से गुज़रने के लिये संसारी समस्याहारी क्या-क्या करते हैं?

- एक व्यापार-योजना का विकास करना
- समाधान में लोकल लोगों को शामिल करना
- वर्तमान संसाधनों को नये समाधानों के लिये अनुकूल बनाना

एक व्यापार-योजना क्या होती है? वीडियो आपके छात्रों को यह समझाने के लिये कई सुराग प्रदान करता है - व्यवसायी व्यापार योजनाएं (या बिज़नेस प्लान) क्यों बनाते हैं और इनमें किस प्रकार के पहलू शामिल होते हैं।

एक व्यापार योजना किसी व्यवसायी की निम्नलिखित क्षेत्रों में मदद करती है:

- उनके उपाय की व्यावहारिकता का मूल्यांकन करना
- सफ़लता को प्राप्त करने के लिये प्रभावी रणनीति को विकसित करना
- आवश्यक निवेश, प्रतिभा और संसाधनों को इकट्ठा करने में सहायता करना

संसारी समस्याहारी एक मज़बूत व्यापार योजना के प्रमुख तत्वों पर चर्चा करते हैं, जैसे कि:

- सामग्री और सेवाओं का विवरण
- बाजार नियोजन
- विज्ञापन और मार्केटिंग की योजना
- बड़े पैमाने पर अमल में लाने की रणनीति
- जन शक्ति (यानि ह्यूमन रिसोर्सेज)
- आर्थिक पहलू, जैसे कि निवेश (यानि इन्वेस्टमेंट) की ज़रूरत, व लंबी अवधि के अनुमान
- जोखिम (यानि रिस्क लेने की क्षमता)
- सामाजिक व्यवसायों के मामलों में, सामाजिक और पर्यावरणीय (यानि एनवायर्नमेंटल) प्रभाव

इस एपिसोड के अतिरिक्त संसाधन अनुभाग में युवाओं के लिये कई प्रमुख व्यावसायिक योजना की प्रतियोगितायें शामिल हैं। साथ ही युक्त हैं एक प्रभावी व्यापार योजना विकसित करने के कुछ मुफ़्त संसाधन।

लंबी अवधि की परियोजना: कहानी सुनाने की तकनीक

यह एपिसोड कहानी सुनाने की कई प्रभावी तकनीकों का उदाहरण देता है जो एक वास्तविक विश्व सामाजिक व्यवसाय के लिये समर्थन के निर्माण में भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। आपके छात्र अपने आलेख या कहानी चित्र के अगले अध्याय में इनमें से एक, या सभी का उपयोग कर सकते हैं।

- काल्पनिक चित्रण: कहानी में तूफ़ान खुद विचारों को प्रकट करने में छवियों की शक्ति का एक प्रतीक है। तूफ़ान एक इतना लोकप्रिय प्रतीक क्यों है? यह बदलाव को उत्प्रेरित करने वाला बवाल है, एक ऐसी शक्ति जो विनाशकारी से रचनात्मक शक्ति तक रूप परिवर्तन करती है। एक अच्छा उदाहरण है 1939 की फ़िल्म, ऑज़ का जादूगर (विज़ार्ड ऑफ़ ओज़)। यहाँ एक तूफ़ान डोरोथी (एक अभिनेता) को अपने घर से दूर ले जाता है, अंततः इसी के कारण डोरोथी के दिल में अपने घर की ओर सराहना बढ़ जाती है। एपिसोड 1.5 में, मलावी के गरीबी पीड़ित एक इलाके में, तूफ़ान ऐसा ही कर बैठता है - संभावित रूप से एक विनाशकारी घटना, अंत में यह मलावियों (और अंजाने में ही एड्रियन) के लिये पोषण का एक स्रोत बन जाता है। सामाजिक व्यवसायी के लिये तूफ़ान एक काल्पनिक चित्रण के रूप में कैसे देखा जा सकता है? क्या काल्पनिक चित्रण आपके छात्रों की कहानियों में भी काम कर सकते हैं?

- हास्य: छात्रों को पढ़ाने और मनाने के मामलों में, हास्य की शक्ति को कभी कम ना समझें। आश्चर्य और अप्रत्याशित संबंध हंसी के माध्यम से सीखने की प्रेरणा बन सकते हैं, जैसा कि हमने मक्खियों की टिक्कियों के संयोग में देखा। साथ ही हास्य के अन्य उपकरणों में शामिल - वापसी। उदाहरण: एपिसोड के अंत में बवंडर की छवि फिर लौटती है, मगर इस बार खतरे के रूप में नहीं, बल्कि भोजन के रूप में।

- कार्यवाही: सबसे अधिक शिक्षाप्रद कहानियाँ विकिपीडिया के अनुच्छेदों की तरह प्रस्तुत नहीं की जाती हैं। एक अच्छी कहानी सुनाने के मौलिक नियमों में से एक है, "सुनाने से बेहतर रहेगा दिखाना"। लेखकों और

कलाकारों को यह पता है कि सर्वोत्तम कहानियों को शिक्षावादी भाषणों की तरह नहीं पढ़ा जाता है, ना ही टीचर्स गाइड पुस्तकों की तरह! बल्कि, वे गतिशील, व कल्पना और विचार प्रेरित करने लायक कथाओं के माध्यम से पाठक को व्यस्त रखती हैं।

अतिरिक्त संसाधन

- "A Toolkit for Developing a Social Purpose Business Plan." Structured Employment Economic Development Corporation (Seedco), 2004. http://www.seedco.org/wp-content/uploads/2011/11/A-Toolkit-for-Developing-a-Social-Purpose-Business-Plan.pdf
- "Cisco Global Problem Solver Challenge." Cisco. https://cisco.innovationchallenge.com/cisco-global-problem-solver-challenge
- "Diamond Challenge for High School Entrepreneurs." *Diamond Challenge.* University of Delaware. http://diamondchallenge.org/
- *Rice Business Plan Competition*. Rice University. http://www.ricebusinessplancompetition.com/
- *Social Business Plan Competition (SBPC): Handbook*. Pretoria: ILO, 2011. International Labor Organization. http://www.ilo.org/wcmsp5/groups/public/---africa/---ro-addis_ababa/---ilo-pretoria/documents/instructionalmaterial/wcms_222474.pdf
- *Social Enterprise Tools*. Harvard Business School. http://www.hbs.edu/newventurecompetition/social-enterprise-track/Pages/social-enterprise-tools.aspx
- UNIDO's 50th Anniversary Global Start-up Business Plan Competition. *United Nations Industrial Development Organization (UNIDO).* Global Start-Up Business Plan Template. http://www.unido.org/businessplan-competition.html
- "Youth-Led Enterprises." *United States African Development Foundation*. http://www.usadf.gov/youth

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.5: व्यापार योजना
वर्कशीट

आपका मिशन, यदि आप इसे स्वीकार करना चाहें: किसी संभावित निवेशक को अपना सामाजिक व्यवसाय बेचने के लिये एक व्यापार योजना बनाएं।

1. क्या आप अपने विचार को एक पल में प्रेजेंटेशन" के रूप में संक्षिप्त कर सकते हैं? एक ऐसा संक्षेप जिसका प्रदर्शन आधे मिनट में किया जा सके? (इसे आम तौर पर लिफ़्ट प्रेजेंटेशन कहा जाता है। ऐसा क्यों? एक सौदे की प्रस्तुति की कल्पना कीजिए, जिसको आप केवल एक संक्षिप्त लिफ़्ट की सवारी के दौरान कर सकते हैं।)

2. अपने सामाजिक व्यवसायी विचार की ताकतों और कमज़ोरियों का मूल्यांकन करें।

3. किसी अन्य व्यक्ति को अपने विचार समझाने का अभ्यास करें। किसी मित्र या परिवार के सदस्य को अपनी व्यापार योजना में निवेश करने के लिये मनाने की कोशिश करें।

4. आपका सामाजिक व्यवसाय पैसे कैसे बनाएगा?

5. आपके विचार से समाज पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा? आप इस प्रभाव को कैसे मापेंगे?

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.6: परीक्षण और सुधार

नई टेक्नोलॉजी स्थापित करना सामाजिक समाधान का केवल एक ही हिस्सा है। यहां तक कि सबसे सावधानीपूर्वक समाधान को भी लगातार डेटा संग्रह, समस्या निवारण, और रख रखाव की आवश्यकता होती है। इस एपिसोड में, संसारी समस्याहारी देश की एक कठिन समस्या को सुलझाने में मदद करने के लिये टेक्नोलॉजी में अनुभवी मलावी युवाओं की टीम स्थापित करते हैं। यह समस्या है: मौसमी बाढ़। कुछ कुएं हैं, जिनकी गंभीर बाढ़ के दौरान मरम्मत नहीं की जा सकती है। टीम सैन्सर को एक विशेष सिगनल भेजने के लिये सुधारती है ताकि, किसी कुएं के पानी से भर जाने पर, टेक्नीशियन इन कुओं तक जाकर अपना वक़्त ना बर्बाद करें।

लक्ष्य

एपिसोड 1.6 के लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

- समझाएं कि एक सचमुच टिकाऊ सामाजिक व्यवसाय का काम एक अच्छी परियोजना के लॉन्च पर खत्म नहीं होता।
- लोकल विशेषज्ञता और अनुभव के महत्त्व पर प्रकाश डालें।
- एक परियोजना के परिवेश को समझने के महत्त्व पर ध्यान दें।
- लगातार जाँच व सुधार करने का मूल्य दिखाएं।
- ध्यान दें कि कार्यकारी प्रकट समाधान भी अधूरे हो सकते हैं। कभी कभी उन्हें और विकसित करने की ज़रूरत हो सकती है।

कक्षा चर्चा: परिचय

यह एपिसोड मलावी में एक और जरूरी समस्या के साथ शुरू होता है। हालांकि पीने लायक पानी और कार्यकारी कुओं तक पहुंच पाना काफ़ी गंभीर समस्याएं हैं, इस देश में बरसात मौसम के बहुत ज़ोरदार होने के कारण, यहाँ नियमित रूप से बाढ़ आती है। यह बाढ़ घरों को नष्ट करती हैं व लोगों की मौत का कारण बनती है। ना सिर्फ़ यह सब, बल्कि, जैसे कि एपिसोड दर्शाता है, यह उपकरणों को नुकसान पहुंचाकर, प्रदूषण फैलाकर, व मरम्मत को रोककर, पानी की आपूर्ति के लिये गंभीर समस्याएं पैदा करती है। इससे भी बदतर, बाकी साल के दौरान घटते हुए सूखे व अकाल से उभरती परिस्थितियाँ इस अचानक आई बाढ़ (जिसे फ़्लैश बाढ़ भी कहा जाता है) को और भी भयंकर बना सकती हैं।

चर्चा शुरू करने के लिये, छात्रों से पूछें कि जिस देश में बरसात का मौसम ज़ोरदार हो, वहाँ पीने लायक पानी की उपलब्धता के मामले में क्या समस्याएं उभर सकती हैं।

कक्षा चर्चा: वीडियो

इस एपिसोड का विषय है परिक्षण और सुधार। संसारी समस्याहारियों ने इस प्रक्रिया को कैसे पूरा किया?

- प्रभावी परिक्षण और सुधार का एक महत्वपूर्ण तत्व है विभिन्न स्थितियों में टेक्नोलॉजी का टैस्ट करना, जैसे कि - अलग अलग क्षण, स्थान, मौसम और तनाव स्तर।

- संसारी समस्याहारी जानते हैं कि जानकारी व उपयोगी कौशलों में एक्सपर्ट्स की राय लेना बहुत फायदेमंद हो सकता है। पॉलिटेक्निक संस्थान इतना उपयोगी कैसे बना? यहाँ, छात्रों को लोकल मौसमीय विषयों के बारे में बेहतरीन जानकारी प्रदान की जाती थी। वे विज्ञान, इंजीनियरिंग और कोडिंग (कंप्यूटर प्रोग्रामिंग) संबंधित ज्ञान और कौशलों में भी निपुण थे। आपके छात्र कौनसी कुशलताएं सीख रहे हैं जो उन्हें सामाजिक प्रॉब्लम सॉल्विंग में सहायता दें?

- सैन्सर को बदलना ताकि वह टेक्नीशियनों को बाढ़ के दौरान कुछ कुओं की तत्काल मरम्मत ना करने को सूचित करे - इस फ़ैसले के बारे में आपके छात्र क्या सोचते हैं? कुछ छात्रों को लगेगा कि इसका मतलब यह है कि समस्या का समाधान हुआ ही नहीं था। दूसरे कहेंगे कि किसी भी समस्या का हर पहलू तुरंत नहीं सुलझाया जा सकता, और कम से कम टेक्नीशियन उन कुओं की मरम्मत तो कर रहे थे, जिन तक वे पहुँच सकते थे। सही जवाब: वैश्विक प्रॉब्लम सॉल्विंग की जटिल दुनिया में आपका स्वागत है।

- सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के दौरान मुश्किल निर्णयों को कभी-कभी "दुखदायक-विकल्प" बुलाया जाता है। संपूर्ण समाधान तक पहुँचने के प्रयत्न को मुश्किल बनाने में क्या-क्या चीज़ें योगदान देती हैं? कुछ उदाहरण हैं: समय, धन, भूगोल (जियोग्राफी), टेक्नोलॉजिकल सीमाएं, और राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष।

लंबी अवधि की परियोजना: राह में बदलाव का क्षण

जैसा कि हमने पिछले एपिसोड में देखा है, संसारी समस्याहारी शृंखला कहानी सुनाने का एक ऐसा तरीका इस्तेमाल करती है, जो हॉलीवुड और बॉलीवुड की नवीनतम फ़िल्मों से लेकर शास्त्रीय नाटकों तक फैला हुआ है। सबसे पहले, किरदारों को चुनौतियों व उलझनों की एक शृंखला का सामना करना पड़ा, अब वे एक महत्वपूर्ण बदलाव क्षण पर पहुंच गए हैं। इस उदाहरण में, मोड़ एक प्रमुख संकट का रूप लेता है, एक ऐसी समस्या जो उनके सैन्सर को बेकार साबित कर सकती है। आखिर में, हमारे नायक इस संकट को सुलझाने का रास्ता ढूँढ निकालते हैं। अंतिम एपिसोड में हमारे किरदारों को सिर्फ़ अपने सफ़ल व्यवसाय के कुछ शेष विवरणों (सूक्ष्म डिटेल्स) का हल करना होगा।

जब आपके छात्र अपनी कहानियां विकसित कर रहे हैं, उन्हें यह सोचना चाहिए कि वे एक महत्वपूर्ण बदलाव क्षण तक कैसे पहुँचेंगे। क्या उनके किरदारों की परियोजना का भविष्य जोखिम में पड़ सकता है? उनके नायकों को प्रबल होने के लिये क्या-क्या करना पड़ेगा?

अतिरिक्त संसाधन

- “Malawi Floods and Flooding.” FloodList. http://floodlist.com/tag/malawi
- “Malawi Floods Emergency Recovery.” *The World Bank*. http://projects.worldbank.org/P154803?lang=en
- “Malawi.” *Open Data for Resilience Initiative* (*OpenDRI*). https://opendri.org/project/malawi/
- “Monitoring Water Levels to Reduce Flood Risk.” *IRIN*, June 18, 2010, http://www.irinnews.org/news/2010/06/18
- “Reviving Flood-Ravaged Livelihoods in Malawi.” *The World Bank*, November 29, 2016. http://www.worldbank.org/en/news/feature/2016/11/29/reviving-flood-ravaged-livelihoods-in-malawi
- “Satellite-Based Flood Monitoring Central to Relief Agencies’ Disaster Response.” *NASA*, July 21, 2015. https://www.nasa.gov/feature/goddard/satellite-based-flood-monitoring-central-to-relief-agencies-disaster-response

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.6: परीक्षण और सुधार
वर्कशीट

1. ताकि टेक्नीशियन गलत कुओं तक जाकर अपना वक़्त ना बर्बाद करें, संसारी समस्याहारी सैन्सर को, किसी कुएं के पानी से भर जाने पर, एक विशेष सिगनल भेजने के लिये सुधारते है। क्या आप बाढ़ की समस्या का हल करने के लिये किसी अलग तरीके का निर्माण कर सकते हैं?

2. कई रोज़ाना तकनीकों ने उन सामाजिक समस्याओं का समाधान किया है जो एक बार असंभव दिखती थीं। स्मार्टफ़ोन से पहले सड़क किनारे आपात स्थितियों के बारे में प्राथमिक उपचार कर्ताओं को कैसे पता चलता था? सड़क किनारे आपात स्थिति के बारे में पता करने के लिये स्मार्टफ़ोन को और भी बेहतर कैसे बनाया जा सकता है?

3. किसी समुदाय में एक सामाजिक समस्या के टेक्नोलॉजिकल समाधान अपनाने के प्रयत्न को किस तरह की चुनौतियां मुश्किल बना सकती हैं? आप इन चुनौतियों का सामना कैसे करेंगे?

4. आप स्कूल में ऐसे कौनसे कौशल सीख रहे हैं जो आपको एक प्रभावी संसारी समस्याहारी बनाते हैं? आप इस क्षेत्र में बेहतरीन बनने के लिये और क्या क्या सीखना चाहते हैं?

संसारी समस्याहारी: शृंखला
एपिसोड 1.7: सामाजिक व्यवसाय का जन्म

संसारी समस्याहारियों ने अपने अभिनव समाधान को कार्यान्वित कर दिया है, और इसका परिणाम एक ऐसा उपक्रम है जो अच्छे व्यवसाय व सामाजिक जागरूकता को एक साथ जोड़ता है - एक सामाजिक व्यवसाय (जिसे सोशल बिज़नेस भी कह सकते है)। व्यवसाय को कामयाब होने में मदद करने के लिये, संसारी समस्याहारी जानकारी को इकट्ठा करते हैं। इस माध्यम से वे यह मापते हैं कि इस योजना में कौनसी चीज़ें काम करती हैं, और किन चीज़ों को सुधारा जा सकता है। वे सोशल मीडिया के विभिन्न रूपों के माध्यम से इस बात को लोगों तक पहुँचाने में मदद करते हैं। सीजन 1 समाप्त होता है जब टीम नायिका का फ़ोन बजता है - अब किसी और स्थान पर युवाओं की सेवाओं की आवश्यकता है। संसारी समस्याहारियों का काम कभी खत्म नहीं होता।

लक्ष्य

एपिसोड 1.7 के लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

- एक विशिष्ट प्रकार के व्यवसाय के रूप में सामाजिक व्यवसाय को परिभाषित करें।
- पिछले एपिसोडों के मुख्य विषयों को साथ जोड़ें, विशेष रूप से सामाजिक व्यवसाय के नौ कदमों को।
- अंतिम दो कदमों पर विशेष ध्यान डालें: प्रभाव को मापने व बात फैलाने के लिये डेटा का उपयोग करना।
- दर्शाएं कि किसी एक सामाजिक समस्या को सुलझाने से समाज को फ़ायदा कैसे हो सकता है।
- सामाजिक समस्याओं के नवीन समाधान प्रदान करने के लिये नये अवसरों की तलाश करने के लिये छात्रों को प्रोत्साहित करें।

कक्षा चर्चा: परिचय

संसारी समस्याहारियों के साथ अपना पहला रोमांच पूरा करने के लिये आपको व आपके छात्रों को बहुत बधाइयाँ! यहाँ तक पहुँचकर आपके छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि उनके अंदर दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने लायक ना केवल भावना, पर होशियारी भी भरी पड़ी है। यह आखिरी चर्चा उनके लिये एक अवसर है, जो कुछ भी उन्होंने सीखा हो, उसे साथ जोड़ने का।

चर्चा शुरू करने के लिये, अपनी कक्षा से यह प्रश्न पूछें:

अब जब हम कहानी के आखिरी अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं, ज़रा एक पल सोचें की हम इस मोड़ पर कहाँ कहाँ से गुज़रकर आए हैं। हमने संसारी समस्याहारियों की बातचीत पर बहुत समय बिताया है। सामाजिक व्यवसाय के नौ कदमों को पूरा करने के लिये उन्होंने क्या क्या किया है?

या तो आप खुद इन्हें फिर से दोहरा सकते हैं या अपने छात्रों को इन्हें दोहराने को कह सकते हैं। आपके छात्रों को इन कदमों की तालिका पूरी तरह याद होना - यह बात इतनी ज़रूरी नहीं है - जितना कि उनका यह समझना कि एक सामाजिक व्यवसाय शुरू करने के लिये एक संरचित और अच्छी तरह आयोजित रणनीति (स्ट्रेटेजी) की आवश्यकता होती है।

अब तक, सीजन 1 के दौरान हमने पहले सात कदमों पर ध्यान केंद्रित किया है। अंतिम कदमों के पहलुओं को भी दर्शाया गया है, और अब वे आखिरी एपिसोड पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

- समस्या का स्पष्टीकरण: मलावी के कुओं को रख रखाव नहीं मिल रहा है
- एक्सपर्ट्स से सलाह: मलावी निवासी, व्यापारी, व टेक्नीशियनों से विचार विमर्श
- एक समाधान तैयार करना: कुएं का सैन्सर
- लोगों, प्रक्रियाओं, डेटा और चीजों को साथ जोड़ने के लिये टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना: कुएं सैन्सर एक वायरलेस नेटवर्क से एक प्रेषक को सूचित करते हैं, जो टूटे कुओं को ठीक करने के लिये एक टेक्नीशियन को भेज सकता है।
- एक व्यापार योजना (बिज़नेस प्लान) विकसित करना: मलावी में कुएं सैन्सर की सफ़लता के लिये लोकल लोगों की भागीदारी ज़रूरी है
- निवेश ढूँढना और इसे बुद्धिमानी से खर्च करना: सैन्सर को बनाने और बेचने के लिये एक लोकल निर्माता के साथ साझेदारी
- समाधान का परिक्षण और सुधार करना: विभिन्न परिस्थितियों में समाधान की जाँच
- प्रभाव को मापने के लिये डेटा का उपयोग करना
- लोगों तक बात पहुँचाना

कक्षा चर्चा: वीडियो

इस एपिसोड का शीर्षक, "सामाजिक व्यवसाय का जन्म," एक नई शुरुआत के साथ सीजन 1 को समाप्त करता है। सामाजिक व्यावसायिकता एक अच्छे विचार या चतुर योजना से बढ़कर है। आमतौर पर इसमें शामिल है एक नये उपक्रम की शुरुआत, चाहे वह मौजूदा संगठन के अंदर ही एक पहल के रूप में हो, या पूरी तरह से नये व्यवसाय के रूप में।

इस वीडियो के बारे में बातचीत शुरू करने के लिये एक उपयुक्त क्षण है, यह पहचान करना कि संसारी समस्याहारियों और लोकल मलावी की टीम ने सामाजिक व्यवसाय के शेष दो कदमों को पूरा करने के लिये क्या क्या किया है। यह दो कदम हैं - प्रभाव को मापने के लिये डेटा का उपयोग करना, व लोगों तक बात पहुँचाना।

डेटा संग्रह के मामले में, वीडियो उस जानकारी पर ध्यान केंद्रित करता है जो टीम ने आस पास के समाज पर सैन्सरों के प्रभाव को मापने के लिये एकत्रित की थी। इन सबूतों में शामिल हैं:

- स्कूल से लड़कियों की अनुपस्थिति में घटाव
- निर्जलीकरण के मामलों में घटाव
- पानी पर निर्भर खाने की आपूर्ति में बढ़ाव
- बढ़ते व्यापार के माध्यम से व्यवसायों के लिये आर्थिक लाभ

आप अपने छात्रों से पूछ सकते हैं: और किस अन्य प्रभाव को डेटा से मापा जा सकता है - चाहे यह काम लोगों से किया जाए, या सैन्सर से? निम्नलिखित हैं कुछ संभावनाएं। आप और आपके छात्र ज़रूर और कुछ उपायों का वर्णन कर पाएँगे।

- कुओं की मरम्मत के लिये आवश्यक समय की मात्रा में बदलाव
- उपस्थित प्रदूषकों में घटाव
- प्रकट रोगजनकों (बीमारियों) में घटाव
- पानी के वितरण में बढ़ाव

लोगों तक बात पहुँचाने के मामले में, कक्षा चर्चा में यह अन्वेषण किया जा सकता है कि मेसी ने संसारी समस्याहारियों को सम्मानित करने के लिये संगीत कार्यक्रम को उत्तम स्थान क्यों माना?

- होशियार सामाजिक व्यवसायी अपने उपक्रमों को प्रचारित करने के लिये पुरस्कारों और सार्वजनिक महफ़िलों का उपयोग करते हैं।
- संगीत कार्यक्रम एक आदर्श स्थल है टीवी प्रसारण, समाचार और सोशल मीडिया के माध्यमों का ध्यान आकर्षित करने के लिये।
- समर्थन को इकट्ठा करने और उपयोगी संयोग बनाने के कुछ लोकप्रिय तरीके हैं सरकारी पुरस्कार व मशहूर जनों के अनुमोदन।

क्या आपके छात्र एक सामाजिक व्यवसाय को बढ़ावा देने के अन्य प्रभावी तरीकों की रचना कर सकते हैं?

सामाजिक व्यवसाय की परिभाषा काफ़ी चर्चा का विषय रही है। इस एपिसोड में, माया एक सामाजिक व्यवसाय को निम्नलिखित रूप से परिभाषित करती है: "एक ऐसा व्यापार जो सामाजिक समस्या का हल करने के लिये बनाया गया हो"। यह परिभाषा इस अवधारणा के अन्य रूपों को शामिल करती है। कुछ परिभाषाएं नवीनता को एक केंद्रीय पहलू मानती हैं। कुछ एपिसोड 1.5 की चर्चा में पेश की गई तिगुणी आधार रेखा पर प्रकाश डालती हैं। वर्कशीट छात्रों को एक सामाजिक व्यवसाय को समझने व उसका वर्णन करने के लिये आमंत्रित करती है। यह प्रश्न व इससे संबंधित उत्तर कक्षा चर्चा के लिये आधार भी प्रदान कर सकते हैं।

संसारी समस्याहारी एक नये मिशन के लिये उड़ान भरते है, और इस क्षण में सीजन 1 समाप्त हो जाता है। आपके छात्रों को लगता है कि वे सामाजिक समस्याओं का हल करने में मदद कर सकते हैं? कैसे? कौनसे कौशल व नये विचार आपके छात्रों की समस्या सुलझाने लायक महाशक्तियों को आधारित करेंगे?

लंबी अवधि की परियोजना: समाधान और संकल्प

आपके छात्र अब अपने संसारी समस्याहारी रोमांच के अंत तक पहुँच गए हैं। अब उनकी कहानियों के लिये बस एक संकल्प भरे अंजाम की रचना बाकी है। रास्ते में उन्होंने कहानी सुनाने के मूल तत्वों के बारे में सीखा, जिनसे वे भविष्य में अपनी कहानियों को और भी प्रभावी ढंग से सुना सकेंगे, चाहे वे कथा लिख रहे हों, वीडियो गेम की रचना कर रहे हों, या दूसरों को अपने व्यवसाय का समर्थन करने के लिये राज़ी कर रहे हों।

हालांकि प्रत्येक तत्त्व कथा वर्णन के किसी एक मूल पहलू को दर्शाता है, कहानियाँ स्वयं भी लगातार विकसित होती रहती हैं। हमारे उद्देश्यों के लिये, यह एपिसोड सामाजिक व्यवसाय की कहानी कला के एक प्रमुख पहलू पर ध्यान देता है - लोगों तक बात को पहुँचाना - जिसमें नवीनता लाने के लिये आपके छात्र बहुत ही योग्य हैं। सामाजिक व्यवसाय की शुरुआत से ही लोगों तक बात पहुँचाना इसका एक अनिवार्य हिस्सा रहा है। आजकल सोशल मीडिया का माध्यम इस कार्य के लिये बेहतरीन क्यों माना जाता है? आपके छात्र अपनी वैश्विक समस्या समाधान की कहानियों को आज लोगों तक कैसे पहुँचाएंगे?

इसके लिये, आप सोशल मीडिया - फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब - का उपयोग करके अपने छात्रों से लिखी गई कहानियों के हिस्सों पर प्रकाश डाल सकते हैं।

अतिरिक्त संसाधन

- Bornstein, David and Susan Davis. *Social Entrepreneurship: What Everyone Needs to Know*. New York: Oxford University Press, 2010.
- Frankel, Carl and Allen Bromberger. *The Art of Social Enterprise: Business as if People Mattered*. Gabriola Island, BC: New Society Publishers, 2013.
- Lane, Marc. *The Mission-Driven Venture: Business Solutions to the World's Most Vexing Social Problems*. Hoboken, NJ: Wiley, 2015.
- MacMillan, Ian C. and James D. Thompson, *The Social Entrepreneur's Playbook, Expanded Edition: Pressure Test, Plan, Launch, and Scale Your Social Enterprise*. Philadelphia: Wharton Digital Press, 2013.
- Olberding, Julie Cencula. *Social Enterprise and Special Events: Market-Based Approaches to Mission-Driven Gatherings*. New York: Routledge, 2015.
- Seelos, Christian and Johanna Mair. *Innovation and Scaling for Impact: How Effective Enterprises Do It*. Palo Alto: Stanford Business Books, 2017.

संसारी समस्याहारी: शृंखला

एपिसोड 1.7: सामाजिक व्यवसाय का जन्म

वर्कशीट

1. आप "सामाजिक व्यवसाय" को कैसे परिभाषित करेंगे? एक सामाजिक व्यवसाय और एक आम व्यवसाय के बीच क्या अंतर हैं? आप किसके लिये काम करना पसंद करेंगे और क्यों?

2. संसारी समस्याहारियों के लिये अपने नये व्यवसाय के बारे में लोगों तक बात पहुँचाना इतना महत्त्वपूर्ण क्यों है?

3. आप एक सामाजिक व्यवसाय के बारे में लोगों तक बात कैसे पहुँचाएंगे? तीन नवीन तरीकों का वर्णन करें।

4. सामाजिक व्यावसायिकता को फैलाने के लिये आपके समुदाय व देश क्या क्या कर सकते हैं?

Americas Headquarters
Cisco Systems, Inc.
San Jose, CA

Asia Pacific Headquarters
Cisco Systems (USA) Pte. Ltd.
Singapore

Europe Headquarters
Cisco Systems International BV Amsterdam,
The Netherlands

Cisco has more than 200 offices worldwide. Addresses, phone numbers, and fax numbers are listed on the Cisco Website at **www.cisco.com/go/offices.**

Cisco and the Cisco logo are trademarks or registered trademarks of Cisco and/or its affiliates in the U.S. and other countries. To view a list of Cisco trademarks, go to this URL: www.cisco.com/go/trademarks. Third party trademarks mentioned are the property of their respective owners. The use of the word partner does not imply a partnership relationship between Cisco and any other company. (1110R)